वाट्सएप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :4 अंक : 56 गुरुवार 20 जून 2024 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# उद्योग, व्यापार एवं कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों के साथ बजट पूर्व चर्चा

## आपणो अग्रणी राजस्थान की नींव में उद्यमियों की महत्वपूर्ण भूमिका: विकसित तथा औद्योगिक रूप से समृद्ध राजस्थान बनाने के लिए हम प्रतिबद्ध: मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि राजस्थान में उद्योग की अपार संभावनाएं हैं। एक उद्योग की स्थापना से पूरे क्षेत्र का विकास होता है। उद्यमी न केवल रोजगार प्रदाता है बल्कि आपणो अग्रणी राजस्थान की नींव तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार उद्योगपतियों से प्राप्त सुझावों के आधार पर इस तरह का बजट लाएगी जिसमें राज्य का 2047 तक का विजन शामिल होगा। शर्मा बुधवार को मुख्यमंत्री कार्यालय में बजट पूर्व चर्चा के दौरान उद्योग, व्यापार एवं कर सलाहकार संघों के प्रतिनिधियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पूरे देश के उद्योगपति राज्य में निवेश करने के लिए उत्सुक हैं। राज्य सरकार उद्योगों के लिए इस तरह का वातावरण तैयार करेगी जिसमें उद्योगपति को सभी तरह की सुविधाएं एक ही छत के नीचे मिल सकें। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य सरकार उद्योगों को अधिक से अधिक प्रोत्साहित कर रोजगार सृजन करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में लघु उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए 'वोकल फॉर लोकल' अभियान राज्य सरकार की प्राथमिकता है। सरकार लघु एवं कुटीर उद्योगों को बढ़ावा देने के लिए कृत संकल्पित है।

### उद्योगों के लिए बिजली की कमी नहीं आने दी जाएगी

बैठक में कुछ उद्यमियों द्वारा उठाई गई बिजली की कमी की समस्या पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने अपने 6 माह के कार्यकाल में ही बिजली आपूर्ति के लिए ऐतिहासिक एमओयू पर हस्ताक्षर किए हैं। साथ ही, सौर ऊर्जा एवं कुसुम योजना को भी राज्य सरकार लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इन योजनाओं के धरातल पर उतरने के बाद उद्योगों में बिजली आपूर्ति की समस्या से निजात मिल सकेगी। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार द्वारा हजारों करोड़ों का घाटा बिजली के क्षेत्र में किया गया। उस सरकार द्वारा अगस्त-सितंबर में बिजली खरीदी गई जिसके फलस्वरूप हमें मई-जून की भीषण गर्मी में उधारी चुकानी पड़ रही है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा हाल ही में किए गए निर्णयों से भविष्य में उद्योगों के लिए बिजली की समस्या का समाधान हो पाएगा। शर्मा ने उद्योगपतियों से भी अपील की कि वे उद्योगों में सौर ऊर्जा का अधिक से अधिक उपयोग करें। मुख्यमंत्री ने उद्योगपतियों को संबोधित करते हुए कहा कि आपका इस क्षेत्र में वृहद् अनुभव है। उद्योगपति किसी एक उद्योग के बारे में सुझाव देने के साथ ही राज्य में औद्योगिक विकास को बेहतर बनाने के लिए भी सुझाव दें जिससे राजस्थान प्रगतिशील, विकसित तथा औद्योगिक दृष्टि से समृद्ध बन सके। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का हर संभव प्रयास रहेगा कि राज्य में स्थापित उद्योग की प्रत्येक इकाई अग्रणी बने। राज्य सरकार अपनी नीति, कार्यक्रमों एवं योजनाओं के माध्यम से उद्योगपति एवं व्यापारियों के हितों का संरक्षण करेगी।

### उद्यमियों से रखेंगे लगातार संवाद

मुख्यमंत्री ने कहा कि विभिन्न व्यापारिक एवं औद्योगिक संगठनों से प्राप्त सुझाव लाभकारी हैं तथा इनका परीक्षण कर उचित सुझावों को परिवर्तित बजट में शामिल करने का प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार औद्योगिक विकास को गति देने के लिए आगे भी उद्यमियों के साथ लगातार संवाद बनाए रखेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि राज्य में उद्योग एवं निवेश को प्रोत्साहन देने में किसी भी तरह की कमी नहीं होने दी जाएगी। उपमुख्यमंत्री एवं वित्त मंत्री दिया कुमारी ने कहा कि राज्य के औद्योगिक विकास के लिए सरकार एवं उद्योगपति मिलकर काम करेंगे तथा राज्य को इंडस्ट्री हब बनाया जाएगा। उद्योग मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारा लक्ष्य है ईज ऑफ डूइंग बिजनेस हो। साथ ही, उद्योगों की लागत कम हो जिससे अधिक से अधिक रोजगार सृजन हो सके। उद्योग राज्य मंत्री के. के. विश्नोई ने कहा कि उद्यमियों के अनुभवों एवं सुझावों का लाभ लेते हुए राज्य को औद्योगिक रूप से समृद्ध बनाया जाएगा। बैठक में उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री की विकसित 2047 की परिकल्पना की तारीफ की। साथ ही, सरकार द्वारा उद्योगों के हित में लिए गए लगातार निर्णयों के लिए भी धन्यवाद दिया। बैठक में सीआईआई, फोर्टी, यूकोरी, एसौचेम, ज्वैलर्स एसोसिएशन, राजस्थान टैक्स बार एसोसिएशन, राजस्थान लघु उद्योग महासंघ, कोटा इंडस्ट्रीज के प्रतिनिधि तथा मार्बल, टेक्सटाइल, होटल, सिनेमा, वेयरहाउस, स्टील, प्लास्टिक, बिल्डर्स, डवलपर्स, ऑयल, सीमेंट सहित विभिन्न क्षेत्रों की संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव प्रस्तुत किए। इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव वित्त अखिल अरोरा, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव शिखर अग्रवाल एवं प्रमुख सचिव आलोक गुप्ता, संबंधित विभागीय अधिकारी एवं उद्योग और व्यापारी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद थे।

# राजस्थान विश्वविद्यालय के वरुण जैन को गायन संगीत में मिला गोल्ड मेडल



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान विश्वविद्यालय का 33वां दीक्षांत समारोह राजस्थान इंटरनेशन सेंटर में आयोजित हुआ। इस अवसर पर मास्टर इन परफामिंग आर्ट्स इन वोकल म्यूजिक ( भारतीय शास्त्रीय गायन संगीत ) में राजस्थान विश्वविद्यालय से सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रथम आने पर राज्यपाल और कुलाधिपति कलराज मिश्र ने वरुण जैन को गोल्ड मेडल और उपाधि प्रदान कर सम्मानित किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री प्रेमचंद बैरवा, कुलपति प्रो.अल्पना काटेजा, जयपुर शहर सांसद मंजु शर्मा, विधायक गोपाल शर्मा सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। इसके अलावा वरुण जैन ने प्रथम श्रेणी में भातखंडे संगीत विद्यापीठ लखनऊ से संगीत विशारद व निपुण के साथ अखिल भारतीय गंधर्व महाविद्यालय मण्डल मुंबई से विशारद पूर्ण की उपाधि प्राप्त की हुई है। वर्तमान में वरुण जैन दिल्ली पब्लिक स्कूल जयपुर में संगीत शिक्षक के रूप में कार्यरत है।

# खेतपालिया स्किल डेवलपमेंट विंग में सुचारू अध्यापन एवं प्रशासनिक कार्य का हुआ शुभारंभ



**अमित गोधा. शाबाश इंडिया**

ब्यावर। श्री वर्द्धमान कन्या पी.जी. महाविद्यालय परिसर में बने वातानुकूलित एवं समस्त आधुनिक सुविधाओं से परिपूर्ण खेतपालिया स्किल डेवलपमेंट विंग के अंतर्गत वर्द्धमान इंस्टीट्यूट ऑफ फैशन डिजाइन एवं मेकअप आर्टिस्ट का आज विधिवत रूप से सुचारू अध्यापन एवं प्रशासनिक कार्य संचालन का शुभारम्भ शुभ मुहर्त एवं मंत्रोचार के साथ श्री गणेश जी की पूजा आराधना एवं श्री नवकार मंत्र स्तुति के साथ मुख्य अतिथि वृत्त निरीक्षक महिला सुरक्षा श्रीमती शिल्पा जैन द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर शिक्षण समिति के अध्यक्ष शांतिलाल नाबरिया मंत्री डॉ. नरेन्द्र पारख, महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. आर. सी. लोढा एवं अकादमिक प्रभारी डॉ नीलम लोढ़ा द्वारा मुख्य अतिथि का माला पहनाकर एवं पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए स्मृति चिन्ह भेट किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वृत्त निरीक्षक महिला सुरक्षा श्रीमती शिल्पा जैन ने प्रबंधन को उत्कृष्ट स्तर की महानगरीय सुविधाएं कन्या महाविद्यालय में उपलब्ध कराने हेतु प्रबंधन की मुक्त कंठ से प्रशंसा की साथ ही नारी शिक्षा उन्नयन के क्षेत्र में दूरदर्शिता रखते हुए, स्वावलंबन को प्रोत्साहित करने हेतु चयनित विश्वविद्यालयी पाठ्यक्रम एवम कौशल विकास केंद्र संचालन को ब्यावर जिले की महिलाओं के उज्वल भविष्य का प्रतीक बताया।







# पावागढ़ में जैन प्रतिमाओं को तोड़ने की अ.भा.जैन पत्रकार संघ ने की कड़ी निंदा, कार्यवाही की मांग

**रत्नेश जैन रागी बकस्वाहा. शाबाश इंडिया**

छतरपुर। गुजरात प्रदेश के जैन तीर्थक्षेत्र पावागढ पर्वत में वहां के असामाजिक तत्वों ने जैन तीर्थंकर भगवानों की प्राचीन प्रतिमाओं को तोड़कर कचरे में फेंक दिया ।जो घोर निंदनीय कृत्य है।जिसकी अ.भा.जैन पत्रकार संघ मध्य प्रदेश ने कड़े शब्दो मे निंदा की है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में संघ के संस्थापक अध्यक्ष संजय लोढ़ा, संरक्षक हिम्मत मेहता,ऋतुराज बुडावनवाला, अध्यक्ष संदीप डाकोलिया, महासचिव शिरीष सकलेचा, सचिव संदीप जैन, मयंक बाफना, वरिष्ठ सलाहकार जवाहर डोसी, राजेश नाहर, उपाध्यक्ष अनिल नाहर, पंकज पटवा, सयुक्त सचिव अरुण बुरड़, संगठन सचिव विमल कटारिया आदि ने बताया कि पावागढ़ को घटना एक सोची समझी साजिश है।यह सब वहां से जैनों के अस्तित्व, विरासत व प्राचीन धरोहर को मिटाने के लिए किया गया है। पावागढ में 2200 वर्ष प्राचीन




जिनालय है और हजारों वर्षों का स्वर्णिम इतिहास है।इस घटना से जैन समाज आहत है। आरोपियों को जल्द पकडा जाकर सख्त कारवाई हो एवं सारी प्रतिमाएं फिर से वहां रिस्टोर की जाए। जैन पत्रकार संघ के पदाधिकारियों ने कहा कि जैन समाज एक अहिंसक समाज है।जो शांति का पक्षधर रहा है।वह अहिंसक जरूर है लेकिन कायर नहीं। आए दिन जिन मंदिरों की प्रतिमाओं को खंडित करना दुःखद है। देश की सरकार व राज्य सरकारों को जैन तीर्थो की सुरक्षा का ध्यान रखना चाहिए।महासचिव शिरीष सकलेचा ने बताया कि यदि इस मामले में ठोस कार्यवाही नहीं की गई तो प्रदेश अध्यक्ष संदीप डाकोलिया के नेतृत्व में शांतिपूर्ण तरीके से विरोध स्वरूप ज्ञापन देकर विरोध प्रदर्शन किया जायेगा।संघ ने विहार के दौरान साधु संतो के साथ आए दिन होने वाली दुर्घटनाओं पर भी चिंता जताई है। इस विषय पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया है। संघ के प्रचार सचिव नेमीचंद कावड़िया, गौरव दुग्गड, प्रदीप जैन,प्रदेश कार्यकारणी सदस्य विशाल बागमार,मनोज



भंडारी,राजेंद्र सकलेचा, छतरपुर जिला अध्यक्ष राजेश जैन रागी, रत्नेश जैन, रतलाम जिला अध्यक्ष सुनील चोपड़ा , रजत सांड आदि सदस्यों ने भी पावागढ़ में मूर्तियों को खंडित करने वाले असामाजिक तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्यवाही करने की मांग की हैं।

**रिपोर्ट : वरिष्ठ पत्रकार राजेश रागी रत्नेश जैन बकस्वाहा**

# मुनि श्री का हुआ गाजे-बाजे के साथ नगर आगमन

## सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांतिमहायज्ञ में हुआ एक हजार आठ अर्ध का समर्पण



**अशोक नगर. शाबाश इंडिया।** मुनि पुंगव श्रीसुधासागरजी महाराज के आशीर्वाद एवं प्रतिष्ठा चार्य नगर गौरव मुकेश भइया के कुशल नेतृत्व में चल रहे आठ दिवसीय श्री सिद्धचक्र महा मंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ सुभाष गंज में आचार्य भगवंत को याद कर श्री विद्यासागर महिला मंडल के संयोजक एवं श्री दिगम्बर जैन पंचायत कमेटी के तत्वावधान में हो रहे इस महा महोत्सव में आज एक हजार आठ से अधिक अर्घो का समर्पण बड़े भक्ति भाव के साथ किया गया।

## सिद्धचक्र महा महोत्सव के पुण्य से संतों का हुआ आगमन : विजय धुर्रा

जैन समाज के मंत्री विजय धुर्रा ने कहा कि कि तेरह तारीख से चल रहे इस महा यज्ञ में सौधर्म इन्द्र के रूप में पद्म कुमार पिम्मी वाझल महायज्ञ नायक प्रसन्न कुमार विनोद कुमार मोदी कुवेर इन्द्र अरूण कुमार मैनपुर ध्वजारोहणकर्ता धर्मेन्द्र रोकड़िया श्रीपाल मैना सुन्दरी श्रीमति लता सतीश राजपुर प्रमुख पात्रो में इंसान सुनील अखाई राकेश कुमार अर्चित कासंल सहित अन्य भक्तों को सौभाग्य प्राप्त हुआ इन्हीं के भाग्य से आज आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के शिष्य मुनिश्री शास्वत सागर जी महाराज का नगर आगमन हुआ है हम सब भगवान की महा आराधना करते हुए ये भावना वना रहे हैं कि परम पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि पुंगव श्री सुधा सागर जी महाराज का चातुर्मास हमें मिले।

# वीएसएस लेडीज विंग की सीमा चेयरमैन एवं भारती चीफ सेक्रेटरी मनोनीत



**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**



भीलवाड़ा। कोर कमेटी की अनुशंसा पर वीएसएस लेडीज विंग कार्यकारिणी घोषित।वीएसएस के चेयरमैन सुभाष हूमड़ ने बताया कि कोर कमेटी की अनुशंसा पर लेडीज विग कमेटी में चेयरमैन सीमा जैन गोधा, वाइस चेयरमैन निकिता जैन पाटौदी,सपना जैन सेठी,पायल जैन गोधा, चीफ सेक्रेटरी भारती जैन सोनी, सेक्रेटरी याचिका जैन चौधरी, विद्या जैन लुहाड़िया, नीतू जैन काटीवाल एवं कार्यकारिणी मेंबर मे मीना जैन, शर्मिला जैन झांझरी,किरण जैन फांडोत, अल्का जैन कोठारी, मीनाक्षी जैन, प्रियंका जैन गंगवाल,पूजा जैन लुहाड़िया,सुनीता जैन गंगवाल, लीना जैन गोधा, तन्वी जैन गंगवाल,दीपिका जैन बड़जातिया,सपना जैन शाह,नेहल जैन काला को मनोनीत किया। वर्तमान में लेडीज विंग में 155 सदस्य पूरे भीलवाड़ा दिगंबर जैन समाज से है।

# एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स ने बजट पूर्व मीटिंग में मुख्यमंत्री को दिए टैक्स संबंधी सुझाव



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** आज बजट पूर्व आयोजित बैठक में एसोसिएशन ऑफ टैक्स पेयर्स एंड प्रोफेशनल्स(फोरम) के राजस्थान चैप्टर के प्रतिनिधि के तौर पर अध्यक्ष विनोद पाटनी एवम महासचिव उमराव सिंह यादव ने भाग लिया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री राजस्थान भजन लाल शर्मा, उप मुख्यमंत्री (वित्त) श्रीमति दिया कुमारी , उद्योग एवम वाणिज्य मंत्री राज्यवर्धन सिंह जी राठौड़, उद्योग वाणिज्य राज्य मंत्री के के बिश्नोई तथा अतिरिक्त मुख्य सचिव अखिल अरोड़ा व वित तथा उद्योग विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।इस अवसर पर मुख्यमंत्री तथा वित्त मंत्री महोदया से संवाद किया। एसोसिएशन की ओर से सरकार, जीएसटी काउंसिल तथा राज्य आयुक्त से संबंधित सुझाव दिए। अध्यक्ष विनोद पाटनी ने जीएसटी रजिस्ट्रेशन, सेक्शन 16(2),16(4)नियम 36(4) तथा एमनेस्टी स्कीम से संबंधित सुझाव दिए।

## वेद ज्ञान

### सकारात्मक परिवर्तन लाएं...

जब इस बात की कोई संभावना न हो कि भविष्य में आपके जीवन में क्या होगा, तो आप के पास क्या उपाय बचता है? हममें से बहुत लोग इस विचार बिंदु पर निरुपाय ही रहते हैं, लेकिन यदि हम कुछ अलग तरह से सोचें तो पाएंगे कि यहीं से हममें सभी भौतिक व प्राकृतिक घटनाओं के प्रति एक उन्मुक्त दृष्टि जन्मती है। इसी से हमारे लिए हर जीवन अनुभव नया व विशेष बन जाया करता है। हम अपने परिवेश को उसके पुराने आवरण की तुलना में एक नए स्वरूप में देखने लगते हैं। यह सब कुछ हम सबके दैनिक जीवन में सामान्य रूप से घटता है। आवश्यकता इस घटनाक्रम को विशेष बनाने की होनी चाहिए। आप स्वयं सोचें कि आखिरी बार आपने अपनी मां को भोजन बनाते हुए कब देखा था? आपके सामने पका हुआ भोजन आ जाता है। आप उसे किसी तरह पेट तक पहुंचाने का ही कष्ट कर पाते हैं। यहां तक कि आप मां द्वारा प्रेमपूर्वक पकाए भोजन का मूल स्वाद भी नहीं चखते। हृदय से सोचें कि मां तरह-तरह के व्यंजन बनाने के लिए कितना परिश्रम करती है। उसके पाककला-कौशल द्वारा पूरे परिवार के भोजन की व्यवस्था करने में उसके उत्तरदायित्व के बारे में सोचें। कभी इस ओर भी ध्यान दें कि आपके सम्मुख बनकर तैयार भोजन कैसे व कितने समय में बना। इसे बनाने में किन-किन सामग्रियों को कितनी मात्रा में परस्पर मिलाया गया आदि। निश्चित रूप से यह सोचने के बाद आप मां के प्रति सुंदर भावनाओं की एक संपूर्ण नई दुनिया से भर जाएंगे। कितना कुछ है जीवन में। घर व बाहर चारों ओर बहुत कुछ फैला है जो हमें जीवन के बारे में मीठी भावनाओं से उन्मुक्त करने को तैयार है। घर, इसके द्वार व रोशनदान, सूर्य का प्रकाश व चांदनी के घर में बिखरे अमूल्य रत्न, मोहिनी हवा, पक्षियों की चहचहाहट, नीले नभ का शांतिपूर्ण विस्तार, इसमें विचरते पक्षी, धरती के अंदर अपनी समृद्ध जड़ों को गहराई तक फैलाए वृक्ष-वनस्पतियां, जलवायु का आकलन करते धरती से बाहर के इनके पत्र-पुष्प-शाख व उप-शाख, जीवन को सुगम बनाती असंख्य भौतिक वस्तुएं आदि। दृष्टिकोण में थोड़ा सा भी सकारात्मक परिवर्तन हमें सुख-शांति की संवेदनाओं से परिपूर्ण करता है, जो हम जीवन से लगाव रखने के लिए स्वयं निर्मित करते हैं।

## संपादकीय

# पाठ्य पुस्तकों में सकारात्मक बदलाव

राष्ट्रीय शैक्षिक एवं अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद की पुस्तकों में पढ़ाए जाने वाले पाठों में बदलाव की शुरूआत साकारात्मक नजरिए से हो गई है। अब 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान की किताब में से बाबरी मस्जिद, हिंदुत्व की राजनीति 2002, गुजरात दंगों से जुड़े पाठ को हटा दिया है। इसकी जगह 'राम जन्मभूमि आंदोलन की विरासत क्या है' इस पाठ को जोड़ा गया है। इससे पहले इतिहास की पुस्तकों में राखीगढ़ी और आर्यों के



मूल स्थान से जुड़े पाठ जोड़े गए हैं। एनसीआरटी की पुस्तकों में वाकई सकारात्मक बदलाव हो रहे हैं। इसके पहले भारतीय ज्ञान प्रणाली के संदर्भ में महरौली के लौह स्तंभ के बारे में भी बताया गया है। ऋग्वेद में लोहे के आविष्कार के बारे में बताया गया है। इसी क्रम में सोना, तांबा और कांसा धातुओं के अविष्कार किए गए। अतएव ऐसे पाठों को जोड़ना भारतीय विज्ञान की विरासत को छात्रों के सामने लाना है। इसी क्रम में भारत के इतिहास में आर्य अब आक्रामणकारी नहीं, बल्कि भारतीय मूल के रूप में दर्शाए गए हैं। 21 वर्ष की खींचतान और दुनियाभर में हुए अध्ययनों के बाद आखिरकार यह तय हो गया कि आर्य सभ्यता भारतीय ही थी। राखीगढ़ी के उत्खनन से निकले इस सच को देश के पाठ्यक्रमों में शामिल करने का श्रेय राखीगढ़ी मैन के नाम से प्रसिद्ध हुए प्राध्यापक वसंत शिंदे को जाता है। एनसीईआरटी की कक्षा 12वीं की किताब में बदलाव किया गया है। इसमें इतिहास की पाठ्य पुस्तक में ईंट, मोती और हड्डियां : हड़प्पा सभ्यता नामक पाठ में आर्यों को मूल भारतीय होना बताया है। इसके अलावा कक्षा 7, 8, 10 और 11 के इतिहास और समाजशास्त्र के पाठ्यक्रमों में भी बदलाव किया गया है। इतिहास तथ्य और घटना के सत्य पर आधारित होता है। इसलिए इसकी साहित्य की तरह व्याख्या संभव नहीं है। विचारधारा के चश्मे से इतिहास को देखना उसके मूल से खिलवाड़ है, परंतु अब आर्यों के भारतीय होने के संबंधी एक के बाद एक शोध आने के बाद इतिहास बदला जाने लगा है। इस सिलसिले में पहला शोध स्टेनफोर्ड विविद्यालय के टॉमस कीवीशील्ड ने किया था। 2003 में अमेरिकन जर्नल ऑफ ह्यूमन जेनेटिक्स में प्रकाशित इस शोध-पत्र में सबसे पुरानी जाति और जनजाति के वंशाणु (जीन) के आधार पर आर्यों के भारत का मूल निवासी बताया गया था। हालांकि वर्ष 2009 में वाराणसी हिंदू विविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो लालजी सिंह और प्रो. थंगराज ने भी आनुवांशिक परीक्षण के बाद आर्यों को मूल भारतीय बताया था। 2019 में प्रो. वसंत शिंदे द्वारा राखीगढ़ी उत्खनन से मिले 4000 साल पुराने वंशाणु की जांच में सबसे बड़ा सच सामने आया। शोध में पाया गया कि राखीगढ़ी से मिला जीन वर्तमान के प्रत्येक भारतीय व्यक्ति में उपलब्ध है। इसके आधार पर यह तथ्य स्थापित हुआ कि भारतीय सभ्यता और संस्कृति आर्यों द्वारा निर्मित है। एनसीआरईटी के इतिहास पाठ्यक्रम निर्धारण समिति के अध्यक्ष बनने पर प्रो. शिंदे ने इस तथ्य के आधार पर पाठ्यक्रम में संशोधन कराए हैं। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# लोकसभा का नया अध्यक्ष


प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार का गठन होने के बाद अब प्रतीक्षा इसकी है कि नई लोकसभा का अध्यक्ष कौन होगा? इसे लेकर जहां भाजपा अपने सहयोगी दलों और विशेष रूप से तेलुगु देसम पार्टी एवं जनता दल-यू नेताओं के साथ विचार-विमर्श कर रही है, वहीं विपक्ष इस कोशिश में है कि लोकसभा उपाध्यक्ष का पद उसके हिस्से में आए। चूंकि इस बार उसका संख्याबल अधिक है, इसलिए वह लोकसभा उपाध्यक्ष पद पाने के लिए हरसंभव कोशिश कर रहा है। कुछ विपक्षी नेताओं ने यह भी कहा है कि यदि सत्तापक्ष लोकसभा उपाध्यक्ष पद विपक्ष को देने के लिए तैयार नहीं होता तो उसकी ओर से अध्यक्ष पद के लिए भी अपना उम्मीदवार खड़ा किया जा सकता है। यदि ऐसा होता है तो ऐसा पहली बार होगा, जब इस पद के लिए चुनाव होगा। विपक्षी दलों के नेता तेलुगु देसम पार्टी और जनता दल-यू को यह नसीहत भी देने में लगे हुए हैं कि लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए उनमें से किसी को अपनी दावेदारी पेश करनी चाहिए। यह ठीक है कि गठबंधन सरकारों में यह पद घटक दलों के हिस्से में जाता रहा है, लेकिन मौजूदा सरकार वैसी गठबंधन सरकार नहीं, जैसी वाजपेयी अथवा मनमोहन सिंह सरकार थी। इन गठबंधन सरकारों के मुकाबले वर्तमान सरकार की स्थिति इसलिए अलग है, क्योंकि भाजपा बहुमत से पीछे रहने के बाद भी संख्याबल में मजबूत है। फिलहाल इसके आसार कम हैं कि जनता दल-यू अथवा तेलुगु देसम पार्टी की ओर से लोकसभा अध्यक्ष पद के लिए आग्रह किया जाएगा, लेकिन इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि वाजपेयी सरकार के समय अध्यक्ष पद तेलुगु देसम पार्टी के पास ही था। वाजपेयी सरकार एक वोट से इसीलिए गिरी थी, क्योंकि तत्कालीन लोकसभा अध्यक्ष ने ओडिशा के मुख्यमंत्री पद की शपथ ले चुके



कांग्रेस सांसद गिरधर गोमांग को इस आधार पर सदन की कार्यवाही में भाग लेने की अनुमति दे दी थी कि उन्होंने लोकसभा की सदस्यता नहीं छोड़ी थी। लोकसभा अध्यक्ष केवल सदन की कार्यवाही ही संचालित नहीं करता, बल्कि कुछ मौकों पर मत विभाजन के समय निर्णायक भूमिका भी निभाता है। सदस्यों को उनके कदाचरण के लिए दंडित करने और दलबदल की स्थिति में उन्हें अयोग्य ठहराने का फैसला भी वही करता है। सभी संसदीय मामलों में उसका निर्णय अंतिम होने के कारण इस पद की महत्ता बढ़ जाती है। उचित यह होगा कि लोकसभा अध्यक्ष एवं उपाध्यक्ष पद को लेकर पक्ष-प्रतिपक्ष में कोई सहमति कायम हो। सदन के सुचारु रूप से संचालन के लिए यह आवश्यक है। इससे भी आवश्यक यह है कि जो भी अध्यक्ष बने, वह दलगत राजनीति से ऊपर उठकर कार्य करे।

# 21 जून को सबसे बड़ा दिन और रात होगी सबसे छोटी

## दिन में एक छण स्वयं की परछाई भी नहीं दिखेगी




मनोज जैन नायक. शाबाश इंडिया

मुरैना। 21 जून को रात्री 02:20 बजे सूर्य सायन कर्क राशि में प्रवेश करेगा इससे सूर्य दक्षिणायन होंगे और वर्षा ऋतु का आरंभ होगा। यह जानकारी वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य डॉ हुकुमचंद जैन ने देते हुए कहा कि 21 जून को सबसे बड़ा दिन का मान होगा और रात सबसे छोटी होगी। इस दिन के बाद दिन छोटे और राते बडी होती जाएंगी। जैन ने कहा उत्तरी गोलाद्ध बाले सभी देशो में सबसे बड़ा दिन होगा सबसे छोटी रातें। वहीं 22 दिसम्बर को सबसे बड़ी रात और दिन छोटा होता है। 23 सितंबर को पृथ्वी की भूमध्य रेखा बिल्कुल सूर्य के सामने पडती है जिससे दिन रात बराबर होते हैं। 21 जून से दिन छोटे होते जाएंगे छोटे होते होते 09 घंटे 36 मिनिट के रह जाएंगे और राते बडी होती जाएगी 14 घंटे 24 मिनिट किन्ही स्थानों पर हो जाएंगी। 21 जून को दोपहर में एक छण ऐसा भी आएगा जिसमे स्वयं व्यक्ति अपनी परछाई भी नहीं देख पायेगा। जैन ने बताया कर्क रेखा मध्यप्रदेश के उज्जैन, भोपाल, जबलपुर, शहडोल, छत्तीसगढ़, शहरों से राजस्थान, झारखंड, गुजरात,पश्चिम बंगाल राज्यों से गुजरती है। 21 जून से सूर्य सायन कर्क राशि से सायन धनु राशि तक छह माह दक्षिणायन रहेंगे। इस समय कुछ विशेष शुभ कार्यों के मुहूर्त भी नहीं होते।



### 21 जून को दिन बड़ा क्यों होता है?

जैन ने कहा पृथ्वी सूर्य के चारों ओर अपनी कक्षा के सापेक्ष 23.5 डिग्री झुकी हुई है। 21 जून को सूर्य पृथ्वी के नार्थ पोल मतलब उत्तरी गोलाद्ध पर होता है। इसी वजह से सूर्य की रोशनी पूरे भारत के बीचो बीच से गुजरने बाली कर्क रेखा पर सीधी तौर ज्यादा समय तक पड़ती है इससे सूर्य की किरणें अन्य दिनों की अपेक्षा इस दिन ज्यादा समय तक पृथ्वी पर रहती है इसी खगोलीय घटना के कारण 21 जून को साल का सबसे बड़ा दिन और राते सबसे छोटी होती है।

### कहा कितने घण्टे का दिन होगा?

ग्वालियर 13 घण्टे 44 मिनिट का दिन रात्रि 10 घण्टे 16 मिनिट की
भोपाल 13 घण्टे 31 मिनिट का दिन रात 10 घण्टे 29 मिनिट की
उज्जैन 13 घण्टे 31 मिनिट रात 10 घण्टे 29 मिनिट
दिल्ली 13 घण्टे 58 मिनिट का दिन रात 10 घण्टे 02 मिनिट की होगी।

इस दिन उत्तरी गोलाद्ध में स्थित सभी देशों में दिन अधिकतम बड़े होंगे और राते अधिकतम छोटी होगी वही सभी उत्तरी गोलाद्ध बाले देशों में सबसे ज्यादा गर्मी रहेगी और दक्षिणी गोलाद्ध बाले देशो में सबसे ज्यादा ठंडे राते होगी।

# महिलाओं के लिए VJC ओपन माइक लीग ''वूमेन स्पेशल'' का प्रोग्राम 20 जून को, कोड ब्लैक रेस्टोरेंट में होगा आयोजन




जयपुर। विनीत जैन क्रिएशन्स (VJC) राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के सहयोग से VJC ओपन माइक लीग 'वूमेन स्पेशल' एक क्रिएटिविटी और सशक्तिकरण का प्रतीक कार्यक्रम का आयोजन आज गुरुवार 20 जून को होगा।राजस्थान जैन युवा महासभा, जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन एवं प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि राजस्थान जैन युवा महासभा के सहयोग से यह कार्यक्रम गुरुवार 20 जून को दोपहर 1 बजे से शाम 5 बजे तक टौक रोड पर अपेक्स मॉल के कोड ब्लैक रेस्टोरेंट में आयोजित किया जायेगा। कोर्डिनेटर मृदला पाटनी ने बताया कि यह बस एक इवेंट नहीं है; यह सशक्तिकरण 'वूमेन एंपावरमेंट' की दिशा में एक कदम है।यह पहल महिलाओं के लिए क्रिएटिव पहल है, जिसमें गृहिणियों और कामकाजी महिलाएं सहित सभी क्षेत्रों की महिलाओं को उनकी गायन, कविता, स्टोरी टेलिंग, संगीत, और स्टैंड-अप कॉमेडी जैसे छुपी हुई प्रतिभाओं का प्रदर्शन करने के लिए समय निकालने का प्रेरणा देता है। कोर्डीनेटर नीतू जैन मुल्तान ने बताया कि केवल मंच प्रदान करने से अधिक, लीग समर्थन और प्रोत्साहन के वातावरण का निर्माण करने का उद्देश्य है, जहां महिलाएं स्वतंत्रता से अपने आत्मा और कला को व्यक्त कर सकती हैं और अपनी अनोखी क्षमताओं के लिए प्रशंसा पा सकती हैं। यह समाज की नियमों को पुनः परिभाषित करने के बारे में है।प्रोग्राम के सूत्रधार विनित चांदवाड एवं कोर्डिनेटर प्रेरणा चंदरानी के मुताबिक प्रोग्राम में युवतियों एवं महिलाओं के रजिस्ट्रेशन के लिए उम्र की कोई सीमा नहीं रखी गई है। प्रोग्राम में सिंगिग, बीट बाक्सिंग, रेपिंग, इंस्ट्रूमेंटल, मिमिक्री, स्टेन्ड अप, कॉमेडी, पॉयट्री, स्टोरी टेलिंग की कैटेगरी रखी गई है। अधिक जानकारी के लिए 98284 53502 पर सम्पर्क किया जा सकता है। प्रतिभागियों को ₹11,000 की नकद पुरस्कार के लिए प्रतिस्पर्धा करने का मौका मिलेगा, लेकिन असली इनाम स्वाधीनता और पहचान के माध्यम से प्राप्त होने वाले एंपावरमेंट में है। कोर्डिनेटर आकांशा मीना के मुताबिक महिलाओं की प्रतिभाओं को स्पष्ट करके, लीग दूसरों को प्रेरित करने का उद्देश्य है, एक संस्कृति को बढ़ावा देना जहां हर महिला को अपने सपनों को पूरा करने के लिए सशक्त महसूस हो। संगीत, मनोरंजन और सशक्तिकरण का एक मजेदार मिश्रण के साथ, VJC ओपन माइक लीग 'वूमेन एंपावरमेंट' एक अविस्मरणीय समारोह का वादा करता है, महिला शक्ति, प्रतिरोध और क्रिएटिविटी का एक प्रमाण—हर जगह की महिलाओं की दृढ़ आत्मा का प्रतिष्ठान इसका उद्देश्य है।

# पारसमल बने मुनि सुजान सागर जी महाराज





**सुजानगढ़. शाबाश इंडिया।** 108 आचार्य चेत्य सागर जी महाराज ससंघ के सानिध्य में धर्म रत्नाकर पारसमल जी पांड्या की भव्य जैनेश्वरी दीक्षा आज बुधवार को संपन हुई । मीडिया प्रभारी महावीर प्रसाद पाटनी ने बताया कि इससे पूर्व सुबह दीक्षार्थी का ग्रह त्याग करवाया गया व समाज द्वारा श्री दिगम्बर जैन मंदिर से जुलूस के रूप में दीक्षा स्थल गाजे बाजे के साथ ले जाया गया। जहां पर नव दीक्षार्थी द्वारा भगवान के अभिषेक शांतिधारा की गई विभिन्न तरह की मांगलिक क्रियाएं होने के पश्चात आचार्य श्री ने नव दीक्षार्थी को मुनि दीक्षा प्रदान की।मुनि दीक्षा के पश्चात आचार्य श्री द्वारा नाम संस्कार किया और पारसमल बने मुनि सुजानसागर जी महाराज। महोत्सव में सुजानगढ़ समाज के साथ सीकर, जयपुर , गुवाहाटी, कोलकाता,सिलीगुड़ी,ईटानगर,आगरा,मदुरई, नागौर, डेह, लाडनूं से श्रावकगण दीक्षा के साक्षी बने। इससे पूर्व मंगलवार की रात चूरू सासंद राहुल कसवा,विधायक मनोज मेघवाल ने नव दीक्षार्थी का अभिनंदन किया।इस अवसर पर समाज के अध्यक्ष सुनील जैन सडूवाला,मंत्री पारसमल बगड़ा, मुनि संघ के शैलेंद्र गंगवाल,तपन जैन,डॉक्टर सरोज छाबड़ा ,ज्ञानेंद्र पाटनी,राजकुमार बगड़ा, शैलेंद्र बगड़ा,अरुण पाटनी,महेश बगड़ा, संतोष सडूवाला,सरोज पांड्या, नरेश पांड्या,सुरेश पांड्या, खेमचंद बगड़ा,निहालचंद पांड्या राजकुमार पाटनी,ममता पांड्या, बबीता पांड्या,सीमा पांड्या, संगीता बगड़ा,मीनू देवी बगड़ा, उषा बगड़ा,सहित काफी संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे।

## नव दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान संपन्न सिद्ध चक्र महामंडल विधान की पूर्णाहुति

### विश्व शांति महायज्ञ के साथ निकाली शोभायात्रा



**भीलूडा. शाबाश इंडिया**

सकल दिगम्बर जैन समाज भीलूडा के तत्वावधान में शांतिनाथ दिगंबर जैन मंदिर भीलूड़ा में सिद्ध चक्र महामंडल विधान के नव दिवसीय आयोजन की मंगलवार को पूणार्हुति हुई। प्रातः कालीन मूल नायक शांतिनाथ भगवान का पंचामृत अभिषेक शांतिधारा गुरुदेव आज्ञासागर सागर जी संघ के सानिध्य में किया गया। विधान पांडाल परिसर में शांतिनाथ भगवान के अभिषेक का लाभ विधान आयोजक भरडा परिवार को मिला। मन्दिर में बड़ी शान्तिधारा अभिषेक का लाभ शाह भरत कुमार चिमनलाल परिवार को मिला। मुनि संघ के पाद प्रक्षालन का लाभ भी भरड़ा शांता देवी चांदमल परिवार ने लिया। पंडित नितिन शास्त्री एवं पंडित धनपाल शाह के निर्देशन में सिद्ध चक्र महामंडल विधान के निर्विघ्न समापन पर 15 कुंडो पर यजमान परिवार, रिश्तेदारों एवं समाजजनों द्वारा हवनात्मक आहुतियां देकर विश्व शांति की कामना कर इस आयोजन की पूणार्हुति की गई। मुनि आज्ञा सागर ने धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में सिद्ध चक्र महामंडल विधान एक बार जरूर करना चाहिए। इससे जीवन में संपूर्ण कष्ट दूर होते हैं और धर्म की प्रभावना बनी रहती है। आज्ञा सागर गुरुदेव के 2026 के चातुर्मास के लिए सकल दिगंबर जैन समाज भीलूड़ा ने श्रीफल भेंट किया । विधान की पूणार्हूति पर मन्दिर प्रांगण से विधान मण्डल में विराजित शांतिनाथ भगवान की प्रतिमा, महिलाए सिर पर मंगल कलश लिए गाजे बाजे के साथ नाचते गाते हुए गांव के प्रमुख मार्गो से शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा के बाद शांतिनाथ भगवान को यथा स्थान मंदिर में विराजित किया।आयोजक परिवार भरड़ा शांता देवी स्वः चांदमल भरड़ा,दीपिका जयंत कुमार भरड़ा , शीला दीपक कुमार भरड़ा, संध्या भावेश कुमार भरड़ा परिवार का सकल दिगंबर जैन समाज भीलूडा ने सिद्ध चक्र महामंडल विधान के इस सफल आयोजन के लिए तिलक , नारियल, एवं शाल तथा अभिनंदन पत्र भेंट कर सम्मानित किया। विधानाचार्य पंडित नितिन कुमार शास्त्री एवं पंडित धनपाल शाह एवम इस आयोजन में जिसका भी सहयोग रहा उन सभी का अभिनंदन किया गया। संचालन धर्मेंद्र जैन ने किया एवं आयोजक परिवार के भावेश भरड़ा ने आभार व्यक्त किया । जैन समाज अध्यक्ष अरविंद जैन, उपाध्यक्ष ओमप्रकाश भरड़ा, एवम बड़ी संख्या में समाजजन महिला एवं पुरुष मौजूद रहे। डूंगरपुर एवं बांसवाडा जिले के कई गांवो से समाजजन धार्मिक आयोजन में सम्मिलित होकर मुनि संघ का आशीर्वाद लिया। **-सुरेश चंद्र गांधी जिला बांसवाड़ा राजस्थान की रिपोर्ट**


श्री सुरेंद्र-श्रीमती मृदुला पांड्या

दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के संरक्षक






20 जून' 24

9829963341

की वैवाहिक वर्षगांठ पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

शुभेच्छु

**अध्यक्षः** मनीष - शोभना लोंग्या

**संस्थापक अध्यक्षः** राकेश - समता गोदिका

**सचिवः** राजेश - रानी पाटनी

**कोषाध्यक्षः** दिलीप - प्रमिला जैन

**सांस्कृतिक सचिवः** कमल-मंजू ठोलिया

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# लीनेस क्लब स्वरा द्वारा दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

लीनेस क्लब स्वरा द्वारा अपने सामाजिक सराकारों के कार्यक्रम की श्रृंखला में वृन्दावन विहार , आगरा रोड पर क्रीऐचर फाउंडेशन के सहयोग से निर्मल जैन के जन्मोत्सव पर निशुल्क दन्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया । क्लब की संस्थापक अध्यक्ष स्वाति जैन और अध्यक्ष निशा जैन ने बताया की जयपुर डेंटल कालेज में लेक्चरर दन्त रोग विशेषज्ञ डॉ मिली गुप्ता द्वारा बच्चों को दांतों की स्वच्छता के बारे में जागरूक करने हेतु आवश्यक जानकारी दी गयी। इसके साथ ही कैंप में आने वाले लोगों के दांतों का चेकअप भी किया गया। स्वरा ग्रुप द्वारा बच्चों को टूथपेस्ट,ब्रश एवं अन्य सामग्री भी वितरित की गई। शिविर का संयोजन ग्रुप की सलाहकार अंजू जैन ने किया। इस अवसर पर ममता जैन, नीता गोधा, विनीत जैन, नरेंद्र जैन एवं अन्य मौजूद रहे। क्रीऐचर फाउंडेशन के अध्यक्ष डॉ राजीव जैन और सचिव कुलविंदर सिंह ने सभी का आभार व्यक्त किया।




## श्रावकाचार अनुशीलन राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी सम्पन्न

### विद्वानों ने प्रासंगिक विषयों पर प्रस्तुत किए शोधालेख, संगोष्ठी को सुनने उमड़ी भीड़

**केकड़ी, राजस्थान. शाबाश इंडिया**

श्री चन्द्रप्रभ दिगम्बर जैन चैत्यालय केकड़ी, राजस्थान में चर्या शिरोमणि आचार्य श्री विशुद्धसागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य श्रुतसंवेगी मुनि श्री आदित्यसागर जी महाराज ससंघ के मङ्गल सान्निध्य व शास्त्रि परिषद के अध्यक्ष डॉ श्रेयांस कुमार जी जैन बड़ौत के संयोजकत्व में 15 व 16 जून 2024 को दो दिवसीय श्रावकाचार अनुशीलन राष्ट्रीय विद्वत संगोष्ठी का आयोजन सफलतापूर्वक किया गया। संगोष्ठी के दो सत्रों में आचार्य श्री सुंदरसागरजी महाराज ससंघ का सान्निध्य भी प्राप्त हुआ। इस संगोष्ठी में डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, डॉ. श्रीयांस कुमार जैन जयपुर, ब्र. डॉ . अनिल भैया प्राचार्य जयपुर, पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ अनेकान्त जैन दिल्ली, ब्र. डॉ धर्मेंद्र भैया जयपुर, डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर, डॉ. पंकज कुमार जैन इंदौर, डॉ आशीष जैन आचार्य सागर, डॉ. सोनल कुमार जैन दिल्ली आदि विद्वानों ने अपने महत्वपूर्ण आलेख प्रस्तुत किए। स्थानीय विद्वान देवेंद्र जैन शास्त्री एवं विवेक शास्त्री का सराहनीय योगदान रहा। संगोष्ठी में चार सत्र हुए जिसकी अध्यक्षता डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत, डॉ. शीतल चंद्र जैन जयपुर, डॉ. श्रीयांस सिंघई जयपुर, डॉ. श्रेयांस कुमार जैन बड़ौत ने की। सत्रों का संचालन क्रमशः पंडित विनोद कुमार जैन रजवांस, डॉ. सुनील जैन संचय ललितपुर, डॉ. अनेकान्त जैन दिल्ली , राजेन्द्र महावीर सनावद ने किया। भंवर लाल जी जैन अध्यक्ष जैन समाज केकड़ी ने सभी विद्वानों का आभार व्यक्त किया।



20 जून’24

## श्रीमान सुरेंद्र कुमार -श्रीमती मृदुला जैन पांड्या

**प्रमुख समाज सेवी, मुनिभक्त, भामाशाह**

- राष्ट्रीय कार्याध्यक्ष : दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन इंदौर
- राष्ट्रीय महामंत्री : दिगंबर जैन महासमिति
- पूर्व रीजन चेयरमैन ( RC ) : लायंस क्लब इंटरनेशनल
- पूर्व अध्यक्ष: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर
- पूर्व अध्यक्ष : दिगंबर जैन महासमिति राजस्थान अंचल
- संरक्षक: दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति
- अध्यक्ष : जन समस्या समिति , महावीर नगर
- उपाध्यक्ष : दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र बाड़ा, पदमपुरा
- उपाध्यक्ष : श्री दिगंबर जैन महावीर शिक्षा समिति

**मोबाइल नंबर 98299 63341**

**शुभेच्छु: समस्त परिवार जन एवम मित्रगण**

**को वैवाहिक वर्षगांठ की हार्दिक शुभकामनाएं एवम बधाई**

पता: 477, एकता ब्लॉक, महावीर नगर, जयपुर (राज.)
मो.: 98290-63341

# सेठी कॉलोनी जयपुर समाज ने गुरूमां विज्ञाश्री माताजी के चरणों में अल्प प्रवास हेतु चढ़ाया श्रीफल

**जयपुर. शाबाश इंडिया**



प. पू. भारत गौरव, गणिनी आर्यिका 105 विज्ञाश्री माताजी ससंघ श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर जवाहर नगर सेक्टर-7, जयपुर में विराजमान हैं। माताजी के सान्निध्य में धर्म की महती प्रभावना हो रही है। प्रातः कालीन अभिषेक, शांतिधारा में अनेकों भक्तों ने सम्मिलित होकर भक्ति का आनंद प्राप्त किया।इसी क्रम में प्रवचन सभा का आयोजन हुआ। धर्म की गंगा में डुबकी लगाने वाले धर्म पीपासुओं को पूज्य माताजी ने धर्म के प्रति श्रद्धा, निष्ठा, नैतिकता एवं एकता को पुनर्जीवित करने हेतु संदेश देते हुए कहा कि - धर्म जीवन को एकरूप में ढालने के लिए अनुपम कडी है। धर्म के माध्यम से ही जीवन में सफलता, उन्नति और विकास का मार्ग शुरू होता है। पूज्य गुरुमाँ की आहारचर्या कराने का सौभाग्य महिला मण्डल की मंत्री सरला जैन सपरिवार ने प्राप्त किया। सेठी कालोनी से पदाधिकारी गणों ने गुरूमां के चरणों में अल्प प्रवास हेतु निवेदन किया।


# श्री दिनेश-श्रीमती संगीता गंगवाल

**दिगंबर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के परामर्शक**






20 जून' 24

9314507802

## की वैवाहिक वर्षगांठ पर

# हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं

**शुभेच्छु**

**अध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या

**संस्थापक अध्यक्ष:** राकेश - समता गोदिका

**सचिव:** राजेश - रानी पाटनी

**कोषाध्यक्ष:** दिलीप - प्रमिला जैन

**सांस्कृतिक सचिव:** कमल-मंजू ठोलिया

**एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर**


# जनकपुरी में हुआ आचार्य शशांक सागर जी का व बालाचार्य निपुण नन्दी जी का भव्य मंगल मिलन

## दो संघों के आत्मीय मंगल मिलन के अविष्मरणीय दृश्य के साक्षी बने श्रद्धालु हुए धन्य



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** जनकपुरी ज्योति नगर जैन मंदिर में बालाचार्य 108 श्री निपुण नंदी जी महाराज ससंघ ( छ पिच्छि ) का बुधवार को सुबह मोहन बाड़ी से मंगल विहार होकर जनकपुरी - ज्योति नगर जैन मंदिर मे बैंड बाजे के साथ भव्य मंगल प्रवेश हुआ । मंगल विहार में मंत्री देवेंद्र कासलीवाल , सोभाग अजमेरा ,राजेश गर्ग , राजेंद्र ठोलिया , राकेश ठोलिया , नवीन पांड्या , दिलीप चाँदवाड सहित बहुत से भक्त जनो का सहयोग रहा। जनकपुरी में प्रवास रत आचार्य श्री 108 शशांक सागर जी महाराज ससंघ ( दो पिच्छि ) अगवानी हेतु समाज जनों के साथ इमली फाटक पहुँचे जहाँ दोनों संघों के मंगल मिलन का दृश्य बहुत ही अविष्मरणीय था। ऐसे अविष्मरणीय पलों के कई श्रद्धालु साक्षी बने। दोनों आचार्यों का पुष्प वृष्टि के साथ मन्दिर जी पर प्रबंध समिति ने पाद प्रक्षालन व महिला मंडल ने आरती कर स्वागत किया। इधर दोनों संघ के पावन सानिध्य में अभिषेक व शान्तिधारा हुई तथा धर्म सभा आयोजित की गई जिसमे समाज को धर्म देशना का लाभ प्राप्त हुआ।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।


**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com